गृह (ग्रुप–6) विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डायरी संख्या ...
दिनांक ...15/12/2021

राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(5)गृह–1/2018 जयपुर, दिनांक : 13.12.2021

आदेश

राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृखला की वर्ष 2018–19 की नियमिति विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 29.07.2018 के समय श्रीमती शाहना खानम, आरपीएस के विरूद्व दिनांक 07.01.2015 के द्वारा अन्तर्गत नियम 16 सीसीए में आरोप पत्र जारी होने के कारण विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा इनकी पदोन्नति अभिशंषा सील्ड कवर में रखी गई।

श्रीमती शाहना खानम, आरपीएस के विरूद्व अन्तर्गत नियम 16 सीसीए की विभागीय जांच को कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 18.11.2021 द्वारा समाप्त किये जाने के फलस्वरूप राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृंखला पद की वर्ष 2018–19 की दिनांक 29.07.2018 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्रीमती शाहना खानम, आरपीएस (सामान्य) को राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृंखला के पद पर वर्ष 2018–19 में दिनांक 01.04.2018 की रिक्ति के प्रति एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है। श्रीमती शाहना खानम, आरपीएस की वरिष्ठता श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित, (सामान्य) के नीचे एवं श्री दीपक कुमार शर्मा, (सामान्य) के ऊपर निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्रीमती शाहना खानम, आरपीएस अग्रिम आदेशों तक अपने वर्तमान पद पर यथावत कार्य करती रहेंगी तथा श्रीमती खानम को रिक्ति दिनांक 01.04.2018 से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

ह0
(रामनिवास मेहता)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

13/12/21
(गुरू प्रसाद शर्मा)
सहायक शासन सचिव, पुलिस

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।
T. No. 0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324

D:\JHALA2020\DPC 2021-22\Promotion Order